**आकाशवाणी**
**देहरादून (उत्तराखण्ड)**

**गुरूवार 28.11.2024** **समय 1830**

**मुख्य समाचार :–**

- **संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही विभिन्न मुद्दों पर, विपक्षी दलों के हंगामे के कारण कल तक के लिए स्थगित।**
- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा– नवाचार और आत्मनिर्भरता से प्रेरित भारत की रक्षा क्षमताओं ने दुनिया भर का ध्यान आकर्षित किया है।**
- **बागेश्वर जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए करियर पुस्तक का प्रकाशन किया गया।**
- **उत्तरकाशी में स्थित हर्षिल घाटी दुर्लभ प्रजाति के पक्षियों के लिए सुरक्षित और अनुकूल होने के कारण बर्डिंग मानचित्र पर आया।**
- **भारतीय वायुसेना का रिवर राफ्टिंग दल चमोली जिले में अलकनंदा नदी से ऋषिकेश के लिए रवाना हुआ।**

**संसद**

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गई है। आज सुबह जब लोकसभा की कार्यवाही शुरू हुई तो कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके और अन्य विपक्षी दलों ने एक प्रमुख व्यापारिक समूह के खिलाफ कथित रिश्वतखोरी के आरोपों सहित कई मुद्दों पर हंगामा किया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सदन में विपक्ष के व्यवहार की निंदा करते हुए कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी सदस्य अनावश्यक हंगामा करने की कोशिश कर रहे हैं और नए सदस्यों को अपनी बात नहीं रखने दे रहे हैं।

**राष्ट्रपति**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत की रक्षा क्षमता ने विश्व का ध्यान आकर्षित किया है। वेलिंगटन ऊटी में डिफेंस सर्विसेज स्टाफ ट्रेनिंग कॉलेज में एक संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि रक्षा बलों में महिलाओं की भागीदारी पर देश को गर्व है। दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन की अपनी हाल की यात्रा को याद करते हुए उन्होंने कहा कि महिला सैनिक कठिन परिस्थितियों में भी मजबूती के साथ खडी हैं। उन्होंने विभिन्न देशों से विशेष पाठ्यक्रम में भाग लेने वाली महिला अधिकारियों की सराहना की।

**केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री**

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि विभिन्न क्षेत्रों में विकास से भारत अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्य, अनुसंधान और निवेश के लिए पहली पसंद बन गया है। नई दिल्ली में आज मीडिया को संबोधित करते हुए, श्री गोयल ने बताया कि डिजिटल इंडिया अभियान से देश में क्रांति आई है, जिसने विश्व में भारत को डेटा सेंटर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता में शोध और वैश्विक क्षमता केंद्र के रूप में स्थापित किया है। उन्होंने यह भी कहा कि इंटरकनेक्टेड ग्रिड नेटवर्क और बुनियादी ढांचे के विकास से देश की कनेक्टिविटी में क्रांतिकारी बदलाव आया है।

**करियर पुस्तिका**

बागेश्वर जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के मार्गदर्शन के लिए करियर पुस्तक का प्रकाशन किया गया। पुस्तक के विमोचन के अवसर पर जिलाधिकारी आशीष भटगाईं ने कहा कि यह पुस्तक युवाओं को उचित मार्गदर्शन देने के साथ ही सही करियर विकल्प चुनने में भी मदद करेगी। जिला

सेवायोजन अधिकारी प्रवीण गोस्वामी ने कहा कि पुस्तक में प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में तथ्यात्मक जानकारी दी गई है जो छात्रों के करियर में काम आएगी। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही छात्रा प्रिया कोरंगा का कहना है कि यह पुस्तक उनके लक्ष्य को हासिल करने के लिए बेहतर साबित होगी।

**पीएम विश्वकर्मा**

केंद्र सरकार ने कहा है कि पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत लगभग 25 लाख लाभार्थी पंजीकृत हैं। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे ने आज लोकसभा में एक लिखित प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य 18 व्यवसायों में लगे कारीगरों और शिल्पियों को सहायता उपलब्ध कराना है। सुश्री करंदलाजे ने कहा कि सितंबर 2023 से अक्टूबर 2024 तक पीएम विश्वकर्मा के तहत दो हजार 122 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि सरकार ने इस योजना के तहत 30 लाख कारीगरों के पंजीकरण का लक्ष्य रखा है।

**बर्डिंग मैप में हर्षिल**

उत्तरकाशी जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध हर्षिल घाटी दुर्लभ प्रजाति के पक्षियों के लिए सुरक्षित और अनुकूल होने के कारण बर्डिंग मानचित्र पर आ गई है। पक्षी प्रेमियों और विशेषज्ञों ने इस पर खुशी जताई है। पक्षी विज्ञानी डॉ. धनंजय मोहन ने बताया कि हर्षिल घाटी के आइबिसबिल पक्षी का प्रजनन क्षेत्र और ब्राउन एक्सेंटर व हिमालयन ग्रैंडेला का प्रवास क्षेत्र होने के प्रमाण मिले हैं। उन्होंने बताया कि जनवरी 2021 में हर्षिल घाटी में हिमालयन ग्रैंडेला का बड़ा झुंड देखा गया था।

**भारतीय वायु सेना**

भारतीय वायुसेना का रिवर राफ्टिंग दल चमोली जिले में अलकनंदा नदी से ऋषिकेश के लिए रवाना हुआ। वायुसेना के विंग कमांडर विजय भट्ट के नेतृत्व में 14 वायु सैनिको और 2 गाइडों का यह दल 3 दिसंबर को ऋषिकेश पहुंचेगा। विंग कमांडर भट्ट ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित करना और स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देना है।

**अमृत सरोवर**

उत्तरकाशी जिले के छह विकास खंडों के विभिन्न गांवों में मनरेगा के तहत बनाए गए अमृत सरोवरों को महिलाओं की आजीविका से जोड़ा जा रहा है। इन सरोवरों को पर्यटन और मछली पालन समेत सिंचाई के लिए विकसित किया जाएगा। योजना के तहत सरोवरों के संचालन की जिम्मेदारी महिला स्वयं सहायता समूहों को दी जाएगी। इसके लिए महिलाओं को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें।

**गंगा संरक्षण समिति**

चमोली जिले में गंगा संरक्षण के लिए सहायक नदियों की सफाई के लिए किए जा रहे कार्यों पर चर्चा के लिए जिला गंगा संरक्षण समिति की बैठक हुई। बैठक में परियोजना निदेशक आनंद सिंह भाकुनी ने कर्णप्रयाग में बने एसटीपी को जल्द स्थानांतरित करने की बात कही। उन्होंने कूड़ा वाहनों में जैविक व अजैविक कूड़े को अलग–अलग रखने की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए।

**प्रशिक्षण सम्पन्न**

हरिद्वार में ग्रामोत्थान परियोजना ने कम्यूनिटी बेस्ड प्रोक्योरमेंट का एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सामुदायिक संगठनों और परियोजना कर्मचारियों को प्रोक्योरमेंट प्रक्रिया के तकनीकी और व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी प्रदान करना है। प्रशिक्षण में महिलाओं और समाज के वंचित वर्गों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान दिया गया।

**अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव**

55वां भारत अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव आज शाम गोवा में एक भव्य समारोह के साथ संपन्न हो रहा है। इस अवसर पर प्रतिष्ठित गोल्डन पिकॉक अवार्ड सहित कई पुरस्कार दिए जा रहे हैं। इन पुरस्कारों की प्रतिस्पर्धा में भारत की तीन फिल्मों सहित 15 फिल्में शामिल हैं। नौ दिन के इस फिल्मोत्सव में कई सांस्कृतिक और संगीत कार्यक्रम आयोजित किए गये। विभिन्न भाषाओं और शैलियों की करीब 180 फिल्में दिखाई गईं। समापन समारोह में भारतीय सिनेमा की कुछ प्रसिद्ध हस्तियां शामिल हुई।

**संक्षिप्त समाचार**

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और तराई क्षेत्र के संस्थापक पंडित राम सुमेर शुक्ल की 109वीं जयंती पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान उधमसिंह नगर के जिलाधिकारी उदयराज सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने रुद्रपुर मुख्य चौराहे स्थित पंडित राम सुमेर शुक्ल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

भारतीय मानक ब्यूरो ने रूद्रप्रयाग जिले के नारायणकोटी में किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि उत्पादन के लिए बीआईएस मानकों के बारे में जागरूक किया। वैज्ञानिक अंकित ने काश्तकारों को बीज, उर्वरक, खाद, नमी, सुरक्षा, मिट्टी समेत अन्य रासायनिक उत्पादों की जानकारियां दीं।

अल्मोड़ा जिला प्रशासन ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों के वाहन तत्काल सीज करने के निर्देश दिए हैं। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने वाहन में क्षमता से अधिक यात्री या सामान न ले जाने पर भी जोर दिया।

उत्तरकाशी जिले में महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत ग्राम पंचायत मातली, ब्लॉक डुंडा की 25 महिलाओं को जैविक ब्यूटी शॉप और शैम्पू उत्पादन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सरकार का यह कदम महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग कर सतत विकास में योगदान देगा।